# कँवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर
# जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)
# वार्षिक प्रतिवेदन 2018

इस समारोह के मुख्य अतिथि हैं श्री रविन्द्र धीमान जी, माननीय विधायक, जयसिंहपुर विधान सभा क्षेत्र । इस महाविद्यालय के प्रागंण में आपकी गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिए गर्व एवं परम सौभाग्य की वात है। मैं प्राध्यापक वर्ग, गैरशिक्षक वर्ग वर्ग केन्द्रीय छात्र परिषद्, अध्यापक अभिभावक संघ, विद्यार्थियों तथा अपनी और से आपका हार्दिक अभिनन्दन व स्वागत करता हूँ। इसके साथ ही साथ मैं इस समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करता हूँ । जिनकी उपस्थिति से यह कार्यक्रम शोभा मण्डित हो रहा है।

महोदय, यह महाविद्यालय महाराजा संसार चन्द की जन्मभूमि एवं ऐतिहासिक महत्व की नगरी जयसिंहपुर में स्थित है यह महाविद्यालय चंगर क्षेत्र की जनता के लिए शिक्षा का ज्योति स्तम्भ बन कर उभरा है।

तत्कालीन कंवर दुर्गा चन्द स्मारक निजि महाविद्यालय का क्षेत्रीय जनता की जन-भावनाओं तथा इस क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन प्रदेश सरकारने इसका अधिग्रहण 06 फरवरी2007 को किया तथा इसका नाम कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविधालय जयसिंहपुर रखा गया। इस महाविद्यालय का अपना निजी भवन है एवं परिसर का विस्तार कार्य निरन्तर चल रहा है

मान्यवर, आपने अपनी व्यस्तताओं के बावजूद इस समारोह में पधार कर हमें कृतार्थ किया है, इसके लिए महाविद्यालय परिवार आपका अत्यन्त आभारी है। अब मैं आपके समक्ष 2017-18 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूँ।

## विद्यार्थी संख्या:-

इस महाविद्यालय में सत्र 2017-18 के दौरान तीनो संकायों में विद्यार्थियों की कुल संख्या इस प्रकार है-

| संकाय | छात्र | छात्राएं | योग |
|---|---|---|---|
| कला | 82 | 283 | 365 |
| वाणिज्य | 93 | 116 | 209 |
| विज्ञान | 18 | 21 | 39 |
| | 193 | 420 | कुल 613 |

## कर्मचारी वर्ग:-

**प्राध्यापक वर्ग:** इस महाविद्यालय में कला संकाय में प्राध्यापकों के 12 पद स्वीकृत हैं जिसमें 05 पद् रिक्त है। वाणिज्य संकाय में 02 पद् स्वीकृत है। विज्ञान संकाय में 07 पद् स्वीकृत है जिसमें 04 पद् रिक्त है

## गैरशिक्षक वर्ग :-

गैरशिक्षक वर्ग में कुल26 पद स्वीकृत है। जिसमें 16 पद् रिक्त हैं।

## आगमन एवं प्रस्थान:-

स्थानान्तरण सरकारी सेवा का अभिन्न पहलू है। इस सत्र में निम्न स्थानान्तरण एवं आगमन हुए हैं:-

1. इस सत्र के दौरान मैने प्राचार्य के रूप मे यहां पदभार सम्भाला ।
2. विकास चन्द्र प्राध्यापक अर्थशास्त्र स्थांनातरित होकर अन्य राजकीय महाविद्यालय में गए ।
3. डा. संदीप कुमार राजनितिशास्त्र डा. शिखा वनस्पति विज्ञान डा. संजीव कुमार शर्मा हिन्दी एवं श्री भेद राम ने अर्थ शास्त्र। इस महाविद्यालय के शिक्षकों में शामिल हुए।
4. डा0 सोहन लाल शर्मा प्राध्यापक भौतिक विज्ञान 31 जनवरी 2018 को सेवानिवृत हुए।

## परीक्षा परिणाम-

**विश्वविद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम-2016-17 संतोषजनक रहा**

## छात्रवृतियां:-

सरकार द्वारा विभिन्न छात्रवृति योजनाओं के तहत सत्र 2017-18 के लिए विभिन्न छात्रवृतियों के लिए बजट आवँटन हेतू 169 विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकृति के लिए भेज गए हैं। इसमें 617382 रुपये दिए जाने का प्रावधान है।

| वर्ग | छात्र | राशि |
|---|---|---|
| आई0 आर0 डी0 पी0 | 32 | 38401/- |
| अनुसूचित जाति | 103 | 473252/- |
| अन्य पिछ्डा वर्ग | 34 | 105730/- |
| कुल योग | 169 | 617382/- |

## पुस्तकालय :-

विद्यार्थियों में ज्ञान एवं बुद्धि सम्वर्धन हेतू पुस्तकालय का अपना महत्व होता है।, महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों एवं संदर्भो से संवघित 4021 पुस्तकें उपलब्ध हैं। दो मासिक प्रत्रिकाएं एवं चार समाचार पत्र छात्रों के अध्ययन हेतू उपलब्ध हैं।

## केन्द्रीय छात्र परिषद :-

लोकतान्त्रिक मूल्यों के निर्माण में केन्द्रीय छात्र परिषद का विशेष महत्व होता है। वर्तमान सत्र में छात्र परिषद के चुनाव सितंवर 2017 में लिगंदोह समिति की सिफारिशो के अनुरुप करवाए गए वार्षिक परीक्षाओं की योग्यता सूची में श्रेष्ठ रहे प्रतिनिधियों का मनोनयन किया गया और उन्ही मे से वरियता कम में श्रेष्ठ निम्नलिखि पदाधिकारी चुने गए।

| नाम | कक्षा | पद |
|---|---|---|
| 1. अंकिता कुमारी | B.A 5th Sem. | अध्यक्ष |
| 2. अल्पना कुमारी | B.A 5th Sem. | उपाध्यक्ष |
| 3. दीपिका | B.Sc. 1st Sem | सचिव |
| 4. कुश देव | B.Com. 1st Sem | सयुंक्त सचिव |

## अभिभावक- अध्यापक संघ:-

संघ का गठन सितम्बर 2016 को किया गया । अभिभावक– अध्यापक संघ का महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यो में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। कार्यकारिणी के सदस्य निम्नलिखित है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | संरक्षक | – | डॉ. अशोक कुमार चौधरी |
| 2. | अध्यक्ष | – | श्री प्रताप चन्द |
| 3. | उपाध्यक्ष | – | श्री विकास कलोत्रा |
| 4. | सचिव | – | श्री कमल सिंह |
| 5. | कोषाध्यक्ष | – | श्रीमति मीना कुमारी |
| 6. | मुख्य सलहाकार | – | श्री जोगिन्द्र राणा |
| 7. | अंकेक्षक | . | श्री मान चन्द |
| 8. | अंकेक्षक | . | प्रो. पवन शर्मा |
| 9. | सदस्य | – | प्रो. उपेन्द्र शर्मा |
| 10 | सदस्य | – | प्रो. सुरजीत राणा |
| 11. | सदस्य | – | प्रो. सुनीता सकलानी |
| 12. | सदस्य | – | श्रीमति रेखा देवी |
| 13. | सदस्य | – | श्रीमति ववीता देवी |
| 14. | सदस्य | – | श्रीमति रेसां देवी |
| 15. | सदस्य | – | श्रीमति वीना देवी |
| 16. | सदस्य | – | श्रीमति सुकन्या |
| 17. | सदस्य | – | श्रीअनिल जग्गी |

## सांस्कृतिक गतिविधियां एवं उपलब्धियां:-

महाविधालय के छात्रों नें इस सत्र में 15 अगस्त तथा 26 जनवरी को उपमण्डल स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। केन्द्रीय छात्र परिषद के तत्वाधान में आयोजित किए गए कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया व पुरस्कार प्राप्त किए।

## खेलकूद गतिविधियां:-

इस सत्र के दौरान महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं ने धर्मशाला में आयोजित अन्तर महाविद्यालय ऐथलिट प्रतियोगिता में भाग लिया । खेलकूद गतिविधियों में भी विद्यार्थियों का प्रर्दशन संतोषजनक रहा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना :-

इस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की 100 विद्यार्थियों की पूरी इकाई जिसके कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विकास कलोत्रा है। इस सत्र में विभिन्न कार्यक्रम इस योजना के अन्तर्गत आयोजित किए गए

1. पौधारोपणः– इसमें स्वयंसेवियों द्वारा पौधारोपण किया गया एवं पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई।

2. एन. एस. एस. दिवस के अन्तर्गत पोस्टर, नारा लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

3. रेड रिबन क्लब के सहयोग से एडस जागरूकता रैली का आयोजन किया ।

4. सात दिवसीय विशेष शिविर 24 दिंसबर 2017 से 31 दिसंबर 2017 तक आयोजित किया गया। इस शिविर का शुभारम्भ राजनीतिशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. सदींप कुमार ने किया जिसमें स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की तथा सरकारी स्वास्थय केन्द्र जयसिंहपुर की सफाई करवाई गई तथा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिये गये।

## रैड -रिबन क्लबः-

एड्स जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति न केवल महाविद्यालय के छात्रों अपितु समस्त समाज को जागरूक करने के लिए रैड रिबन क्लब का भी गठन किया गया है।

## रोवर्स एवं रैंजर्सः-

इस महाविद्यालय में 16 से 23 वर्ष तक के आयु वर्ग के उत्साही, कर्मठ व ईमानदार युवाओं के लिए रेजंर्स की एक इकाई का गठन किया गया है।

## महाविद्यालय पत्रिकाः-

विद्यार्थियों की सृजन शक्ति को विकसित करने एवं उनमें लेखन प्रतिभा जागृत करने के उद्देश्य से महाविद्यालय की पत्रिका ''कुन्जद्वार''का प्रकाशन किया जा रहा है।

## विशेष उपलब्धि :-

सत्र 2017-18 में महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से 2 एफ एवं 12वीं के तहत मान्यता मिलना एक विशेष उपलब्धि रही ।

### व्यक्तिगत उपलब्धि

1. डॉ. अशोक कुमार चौधरी ने वियतनाम के दोनाँग मे दिसम्बर 2017 में कामर्स एण्ड मेनेजमेन्ट एसोसिएशन ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सगोष्ठी में Impact of tourist inflow during global ression in India विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया

2. डॉ. सुनीता सकलानी नें राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी में अपना शोध पत्र Human Rights of dalits and women present and past scenario in India विषय पर शोध पत्र मार्च 2018 में प्रस्तुत किया।

3. राजेन्द्र सिंह प्राध्यापक भूगोल विषय ने 07 दिवसीय प्रशिक्षण Faculty Development Program on Rural Community Engagement दिनाक 25-03-2018 से 31-03-2018 तक जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली में भाग लिया।

4. प्रो. शिखा ने वर्ष 2017 में G.C.T.E. धर्मशाला के द्वारा आयोजित Induction Training Program मे भाग लिया।

5. प्रो. भेद राम प्राध्यापक अर्थशास्त्र विषय, ने दिसम्बर 2017 मे आचार्य नागार्जुन विशविद्यालय, गुन्टुर, आन्ध्र प्रदेश द्वारा आयोजित "Indian Economic Association" तथा जनवरी 2018 में पॉन्डिचैरी विशविद्यालय द्वरा आयोजित "Indian Health Economics and Policy Association" अन्तर्राष्टीय संगोष्ठियों (Conferences) में "Inequality in Utilization of Health Care Facilities in India: Evidence from NSS" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया

## रूसा अनुदान के तहत विकासात्मक गतिविधियां

रूसा अनुदान के तहत निम्नलिखित विकास कार्य इस सत्र के दोरान किए गए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कैन्टीन निर्माण | – | 32 लाख |
| 2. | चाहर दीवारी | – | 2147500 रू |
| 3. | फर्नीचर व्याख्यान कक्ष | – | 1059168 रू |
| 4. | Girls Common Room- | | 90885/- |
| 5. | कम्पयूटर लैब | – | 1129472/– |
| 6. | समार्ट कक्षा | – | 469640/– |
| 7. | LED Display Board | – | 65000/– |
| 8. | पुस्तकालय पुस्तकें | – | 210,885/– |
| 9. | प्रयोगशाला सामग्री | – | 45100/– |
| 10. | फीस Software | – | 70800/– |
| 11. | जनरेटर | – | 272000/– |
| 12. | फोटोस्टैट मशीन | – | 224128/– |
| 13. | Wi-fi Campus | – | 450000/– |
| 14. | भाषा प्रयोगशाला | – | 100000/– |
| 15. | सनेटरी वैंडिग मशीन | – | 50,000/– |

**योग:10,260478/-**

रूपये की कुल राशि महाविद्यालय के विकास के लिए सत्र 2017–18 के दौरान खर्च की गई।

## हमारी आवश्यकताएं:-

महाविद्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए निम्न कार्यो का किया जाना अति आवश्यक है।

1. महाविद्यालय में निरंतर बढ़ रही विद्यार्थियों की संख्या के कारण प्राध्यापक व गैर– शिक्षक कर्मचारी वर्ग के रिक्त पदों को भरने की अति आवश्यकता है।
2. महाविद्यालय में खेल–कूद की गतिविद्यियों को वढ़ावा देने के लिए खेल–कूद के मैदान की आवश्यकता है।
3. महाविद्यालय के सम्पर्क मार्ग को पक्का किए जाने की आवश्यकता है।
4. वरसात के दिनो में आवागमन के लिए महाविद्यालय तक पुल का निर्माण करने की आवश्यकता है।

अतः महोदय आप से विनम्र निवेदन है कि आप अपने स्तर पर इन कार्यो को शीघ्र अतिशीघ्र पूरा करवाने के निर्देश संबधित विभागों को जारी करवाने की कृपा करें।

**धन्यवाद / आभारः-**

अतं में, मै समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से इस समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री रविन्द्र धीमान जी, विधायक, जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र का धन्यवाद करता हूँ। अपनी व्यस्तताओं के बावजूद अपना अमूल्य समय विद्यार्थियों के मार्गदर्शन को दिया व हमारे बीच पधार कर समारोह की गरिमा बढ़ाई । समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का भी मैं धन्यवाद करता हूँ ।

मैं केन्द्रीय छात्र संघ व समस्त विद्यार्थियों का भी धन्यावाद करता हूँ, जिन्होने अपनी कर्तव्य निष्ठा अनुशासन और सकारात्मक सहयोग से इस समारोह को सफल बनाने में अपना योगदान दिया ।

धन्यवाद !

जय हिन्द ! जय हिमाचल!

डॉ. अशोक कुमार चौधरी
प्राचार्य
कवँर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय
जयसिंहपुर

तिथिः 07 अप्रैल, 2018